# ग्रोयनेस

[स्रोत: द हिंदू](#)

ग्रोयनेस **लकड़ी या कंक्रीट से बनी निचिली संरचनाएँ** हैं जो **समुद्र तट से दूर स्थित** होती हैं।

- इन्हें **तलछट को रोकने**, तरंग ऊर्जा को नष्ट करने तथा तटीय बहाव के माध्यम से तलछट को**समुद्र तट से दूर स्थानांतरित होने से रोकने के लिये डिज़ाइन** किया गया है।
    - **दीर्घतटीय/लॉन्गशोर बहाव** तब होता है जब प्रचलित पवनें, लहरों को तट के एक ऐसे कोण पर पहुँचती हैं जो समुद्र तट पर तलछट को प्रवाहित करती हैं।
    - ग्रोयनेस तट पर **कटाव/क्षरण की प्रक्रिया को धीमा** कर देते हैं।
- वे **पारगम्य अथवा अपारगम्य** भी हो सकते हैं; पारगम्य ग्रोयनेस कुछ तटीय बहाव के साथ कुछ गाद को गुज़रने की अनुमति देते हैं।
    - हालाँकि **अपारगम्य ग्रोयनेस ठोस** होते हैं और किसी भी तलछट के स्थानांतरण को रोक सकते हैं।
- वे अल्पावधि में **समुद्र तट की सुरक्षा करने में अत्यधिक प्रभावी** होते हैं, क्योंकि वे कुछ दीर्घावधि सॉफ्ट इंजीनियरिंग विधियों की तुलना में तत्काल प्रभावी होते हैं।
    - हालाँकि वे अपनी **लगातार घुसपैठ के कारण तटरेखा के अन्य भागों में भी समस्या उत्पन्न** कर सकते हैं।

//



**और पढ़ें:** [तटीय क्षरण](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/groynes